कलेक्टर गोपाल वर्मा ने लंबित प्रकरणों शीघ्रता... पृष्ठ 2 | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स






नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 01 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 49, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## एकनाथ शिंदे को अचानक क्या हो गया केयरटेकर मुख्यमंत्री के गांव में उतरी डॉक्टरों की फौज, हर तरफ मची खलबली



**मुंबई/सतारा।** मुंबई से सतारा स्थित अपने गांव पहुंचे महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तेज बुखार से जूझ रहे हैं. मुंबई से सतारा स्थित अपने गांव पहुंचे महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तेज बुखार से जूझ रहे हैं. महाराष्ट्र से बड़ी खबर सामने आ रही है. मुंबई से सतारा स्थित अपने गांव पहुंचे प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बीमार पड़ गए हैं. वह तेज बुखार की समस्या से जूझ रहे हैं. हालत यह है कि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों की वजह से वह घर से बाहर भी निकल नहीं पा रहे हैं. शिंदे की हालत को देखते हुए उनके गांव में डॉक्टरों की एक टीम पहुंच गई है. डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है. बता दें कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन ने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है. हालांकि, विभागों के बंटवारे पर पेच फंसन की वजह से अभी तक सरकार का गठन नहीं हो सका है. इन सबके बीच एकनाथ शिंदे शुक्रवार को मुंबई से अपने गांव आ गए थे. जानकारी के अनुसार, एकनाथ शिंदे शुक्रवार को सतारा स्थित अपने गांव पहुंचे थे. इसके बाद वह अचानक से बीमार पड़ गए. बताया जा रहा है कि वह हाई-फीवर से जूझ रहे हैं. 104 डिग्री बुखार होने की वजह से वह गांव में अपने घर से बाहर भी नहीं निकल सके. चुनाव के बाद से उनकी व्यस्तता लगातार बनी हुई है. मुंबई से सतारा आने से पहले वह दिल्ली में थे. महाराष्ट्र के केयरटेकर सीएम के खराब स्वास्थ्य को देखते हुए प्रशासनिक अमले में खलबली मच गई. आनन-फानन में डॉक्टरों की एक टीम उनके गांव पहुंच गई. फिलहाल उनका इलाज चल रहा है. तेज बुखार की वजह से शिंदे शनिवार को कहीं जा भी नहीं सके. शिंदे परिवार के डॉक्टर आर्यहम पाते ने कहा कि एकनाथ शिंदे को सर्दी-खांसी है. उनको ढ्ढङ्क लगाया है. शिंदे 2 से 3 दिनों में वह ठीक हो जाएंगे. डॉ. पाते ने बताया कि अभी थोड़ा-थोड़ा बात की है. उन्होंने बताया कि शिंदे रविवार शाम को मुंबई के लिए निकलेंगे. डॉक्टरों की टीम ने टेस्ट के बाद एकनाथ शिंदे को स्लाइन भी चढ़ाई है. डॉक्टरों ने फिलहाल उन्हें आराम करने की सलाह दी है. इस वजह से शिंदे घर से बाहर भी निकले. महायुति ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है. महायुति गठबंधन में शिवसेना-शिंदे गुट भी शामिल है. इसके अलावा भाजपा और एनसीपी (अजित पवार गुट) भी महायुति के घटक दलों में है. पहले मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान होने की बात कही गई थी. इसके बाद शिंदे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्पष्ट कर दिया था कि वह मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते हैं. उसके बाद अब विभागों के बंटवारे को लेकर बातचीत का दौर चल रहा है. बताया जा रहा है कि शिंदे गुट के नेता और पूर्व मंत्री दीपक केसारकर कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलने उनके गांव पहुंचे थे. हालांकि, खराब स्वास्थ्य की वजह से केसारकर की शिंदे से मुलाकात नहीं हो सकी. इसके बाद केसारकर सतारा से वापस मुंबई लौट आए. बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद सरकार गठन को लेकर बातचीत का दौर लगातार जारी है. एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फड़णवीस और अजित पवार की गृह मंत्री अमित शाह से इस बाबत मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन अभी तक बात बन नहीं सकी है.



**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्री गोविंद कुमार मिश्रा ने सौजन्य भेंट की।

## एक साथ होगा नगरीय निकाय-त्रिस्तरीय चुनाव, भाजपा की बैठक में बनी सहमति, सरकार जल्द करेगी घोषणा





**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक में एक साथ नगरीय निकाय के साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर सहमति बनी. लेकिन महापौर और अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष होगा या अप्रत्यक्ष इस पर अभी सस्पेंस बरक़रार है. उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने कहा कि इस संबंध में सरकार जल्द फैसला लेगी. बीजेपी के बस्तर सरगुजा बिलासपुर संभाग के भाजपा सांसद, विधायक और संभाग पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष होगा कि नहीं, इस फैसले के लिए अभी और इंतज़ार करना होगा. बहुत जल्द सरकार इस पर फ़ैसला लेगी. अरुण साव ने कहा कि गांव व शहरों की विकास अवरूद्ध हो गई थी. राज्य में विष्णु देव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा किया है. हमने 11 महीने में जो काम किया है, उसको लेकर जनता तक जाएंगे. गांवों और शहरों में हुए विकास के काम को जनता तक लेकर जाएंगे. नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय चुनाव में बीजेपी की परचम लहराएगी. वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बैठक के बाद कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बैठक हुई है.

## चुनाव में कोई गडबड़ी नहीं, हर सवाल का मिलेगा जबाव' चुनाव आयोग ने 3 दिसंबर को कांग्रेस नेताओं को बुलाया

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस की ओर से ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) समेत चुनाव प्रक्रिया से समझौता किए जाने को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर निर्वाचन आयोग ने शनिवार को जवाब देते हुए कहा कि चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। आयोग ने कहा कि इसके बाद भी पार्टी के जो भी सवाल है वह उन सभी का लिखित और मौखिक दोनों ही तरीके जवाब देने को वह तैयार है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को तीन दिसंबर को शाम पांच बजे मिलने अपने मुख्यालय बुलाया है। निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस पार्टी को यह जवाब उनकी ओर से 29 नवंबर को चुनाव में गड़बड़ियों को लेकर सौंपे गए ज्ञापन पर दिया है। जिसमें वोटों की संख्या और मतदान प्रतिशत को लेकर सवाल खड़े किए गए थे। कांग्रेस कार्यसमिति की शुक्रवार को हुई बैठक में भी महाराष्ट्र चुनाव में हेर-फेर का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने की बात कही गई हरियाणा के बाद महाराष्ट्र चुनाव नतीजों को लेकर उठाए गए सवालों पर आयोग ने अपने जवाब में कहा है कि मतदान के दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान प्रतिशत और कुल वोटरों की संख्या की जानकारी लगातार दी जाती रहती है। मगर इसके बाद भी अगर कुछ और शिकायतें और जानकारी हैं तो आयोग उनको विस्तार से सुनने का तैयार है।




आयोग ने कहा कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए सदैव राजनीतिक दलों के सुझाव और शिकायतों का स्वागत करता है। खास बात यह है कि महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों के बाद शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने चुनाव में गंभीर गड़बड़ी का आरोप लगाया था। साथ ही ईवीएम में हेर-फेर की भी शिकायत की थी। कांग्रेस की ओर से लगाए गए दो प्रमुख आरोपों का शनिवार को चुनाव आयोग ने विस्तार से जवाब दिया। इसमें पहला आरोप मतदान प्रतिशत को लेकर था। जिसमें कांग्रेस ने मतदान के दिन पांच बजे और रात 11 बजे के आंकड़े में भारी अंतर की शिकायत की है। इस पर आयोग ने सफाई दी कि वोटिंग प्रतिशत की एक तय प्रक्रिया है, उसी का पालन मतदान के दौरान किया जाता है। जैसे-जैसे मतदान के आंकड़े आते हैं वैसे ही उन्हें पूर्व के आंकड़ों में जोड़ दिया जाता है। कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में दूसरी अहम शिकायत मतदाता सूची को लेकर कि है जिस पर आयोग ने कहा है कि यह प्रक्रिया प्रत्येक पार्टी को जानकारी देकर अपनाई जाती है। सभी पार्टियां इसकी जांच परख भी करती हैं। कांग्रेस ने महाराष्ट्र चुनाव में शाम पांच बजे के बाद वोटिंग प्रतिशत में भारी उछाल के साथ इवीएम से जुड़ी शिकायतों के साथ शुक्रवार को चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी शिकायतें विस्तृत तौर पर रखने के लिए आयोग से मिलने का वक्त मांगा था।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत महिला-बाल विकास छुरिया द्वारा 11 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

### योजना के तहत सभी जोड़ों को सहयोग राशि व अन्य समाग्री की गई भेंट

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्लूबंजारी मे महिला एवं बाल विकास विभाग छुरिया व्दारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कुल 11 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। विवाह का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र पर पूजा अर्चना व पुष्प अर्पित कर किया गया। और पूरे रस्मो रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया गया। वहीं मौजूद अतिथियों व्दारा योजना के तहत दिए जाने वाली राशि व अन्य सामग्री भेंट कि वहीं जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने सभी नवयुगल जोड़ी सदैव जीवन पथ पर प्रेम स्नेह पूर्वक दाम्पत्य जीवन का निर्वहन करें ऐसी



मंगलकामनाएं की। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2003 में भाजपा की सरकार बनी तब तत्कालीन मुख्यमंत्री डा रमन सिंह जी द्वारा वर्ष 2005-06 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत की गई थी। जो आज सभी के लिए वरदान साबित हो रही है। श्रीमती वैष्णव ने कन्या विवाह योजना में शामिल होकर अपनी बेटे-बिटियो की शादी कराने वाले माता पिता को बधाई देते हुए कहा कि फैशन और मंहगाई की दौर में सभी बेटे- बिटियो का आदर्श विवाह संपन्न कराकर कर्ज के बोझ से बच सकते हैं। साथ ही कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य ललिता कंवर जिला भाजपा मंहामंत्री रविन्द्र वैष्णव व जनपद पंचायत सदस्य भुनेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को होने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना, शादी के मौके पर फिजुलखर्ची को रोकना, सामूहिक विवाह के आयोजन से सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है। इस अवसर पर मंडल मंहामंत्री संजय सिन्हा, संगीता यादव मंडल मंत्री, जनपद सदस्य जानकी साहू मीणा पुजारी हरीला चंद्रवंशी हेमीन साहू , डोमेन पटेल सरपंच, पुष्पा सिन्हा , विष्णु साहू, कौशल चंद्रवंशी, राजकुमार पटेल भावन सिंह ठाकुर, बाबूलाल पटेल, सुमित्रा धुर्वे,समेत महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमति कमलावती मरकाम सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई 26 आरोपियों के खिलाफ लगाया मकोका

**मुंबई।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सभी 26 आरोपियों के खिलाफ मकोका की गंभीर धाराएं जोड़ दी हैं। इस कदम को पुलिस ने इस हत्या में लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की भूमिका के बाद उठाया है, जिसके खिलाफ पुलिस के पास ठोस सबूत हैं। इसके अलावा, पुलिस ने शुभम लोनकर, निशान अख्तर और अनमोल बिश्नोई को फरार आरोपी घोषित किया है। इस मामले में मकोका की धाराएं जोड़ने से यह केस और भी गंभीर हो गया है, और पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तेजी से प्रयास शुरू कर दिए हैं। बता दें कि शुक्रवार को बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में नया मोड़ आया



था। एनसीपी नेता की हत्या में शामिल एक आरोपी ने क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के सामने इस बात को स्वीकार कर लिया था कि जब बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची जा रही थी, तब उसने गुजरात की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से बातचीत की थी। आरोपी गौतम ने अधिकारियों को बताया था कि हत्या की योजना बनाने के दौरान उसने लॉरेंस बिश्नोई से बातचीत की थी, जो गुजरात की जेल में बंद है। शूटर ने बताया कि इस दौरान लॉरेंस बिश्नोई ने शूटर को हत्या के बाद पुलिस से डरने की जरूरत नहीं होने का आश्वासन दिया था। बिश्नोई ने गौतम से कहा था कि अगर वह पकड़ा जाता है, तो भी वह घबराए नहीं, उसे जेल से कुछ ही दिनों में बाहर निकाल लिया जाएगा।

## समर्थन दर पर धान खरीदी कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदला

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वर्तमान में समर्थन दर पर धान खरीदी जिस रफ्तार से चल रही है। उससे लक्ष्य को प्राप्त करना लगभग संभव है। यह बात कहते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने आज प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से कहा है कि पूर्व में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की धान खरीदी नीति को उपार्जन केंद्रों में मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव सय नीत भाजपा सरकार ने बदल दिया है। इसी के साथ उन्होंने सेवा सहकारी समितियां के माध्यम से किसानों से धान खरीदने के संबंध में 23 बातों में उन्होंने अपने बातें कही हैं।

01 विष्णुदेव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। 02 इस बार 160 लाख मिट्रिक धान खरीदी का लक्ष्य है इसके लिए नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है, है, शनिवार, रविवार 47 दिन मिल रहे और सरकारी छुट्टियां को घटाकर कुल 03 इसका मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार का लगभग साढे तीन लाख मिट्रिक टन की खरीदी प्रति करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। 04 वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। 05 सोसाइटियों को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिये उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा ह्लह्रक्रश्वस्र 06 सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे, उनके खाते के रकम नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं सिर्फ 2300 रूपए प्रति क्विंटल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) 07 अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा है जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। 08 बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा।09 सोसायटी में




### जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू की पत्रकारवार्ता

बारदाना की कमी है किसान परेशान है। सरकार ने कहा कि 50 प्रतिशत नये 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है।10 धान खरीदी केन्द्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है किसान घंटों खड़े रहते है। 11 आनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद भी टोकन नहीं मिल रहा है। 12 धान की कीमत का भुगतान 2117 रूपए में करें क्योंकि 3100 रूपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रूपए बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रूपए से बढ़ाकर 2117 रूपए किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रूपए में धान खरीदी किया था। 13 धान उपार्जन की कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया है। 14 नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफर स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है। 15 पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास से अधिकार होता था कि वे समय सीमा में उठाव न होने पर चुनौती दे सके। 16 अब जो बदलाव हुआ हुआ है है उसके बाद बफर स्टॉक बाद बफर स्टॉक के उठाव की कोई सीमा ही नहीं है। धान खरीदी केन्द्रों में जगह की कमी आ रही है। 17 पहले मार्कफेड द्वारा समस्त धान का निपटान 28 फरवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी। 18 अब इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। 19 धान खरीदी बंद होगी 31 जनवरी को। 20 यानी समितियों / संग्रहण केन्द्रों में धान अब दो महीने तक रखा रहेगा। 21 धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रूपए देने का निर्णय लिया था, जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेशभर में 100 नई राइस मिलें खुली थी।

22 अब सरकार ने मिलर के लिए 120 रूपए को घटाकर 60 रूपए कर दिया है। इस कारण राईस मिलर हड़ताल पर है धान सोसायटी में जाम है। 23 मिलरों को 120 की जगह 60 रूपए देने के फैसले के बाद विभिन्न जिलों में राइस मिलर एसोसिएशन धान की मीलिंग करने में असमर्थता व्यक्त करने लगे है। आज प्रेस क्लब भवन पत्रकार वार्ता के दौरान भागवत साहू के साथ शाहिद भाई, पंकज बांधव, रूपेश दुबे, हनी ग्रेवाल, थानेश्वर पाटीला, किशोर श्रीवास्तव, मनीष साहू, राजू भाई आदि उपस्थित थे।

nandgaon times dec-01-02.qxd 11/30/2024 10:57 PM Page 2



# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने लंबित प्रकरणों शीघ्रता से निराकरण करने के दिए निर्देश

## जिले के सीमावर्ती चेकपोस्ट में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी करने के दिए निर्देश,कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक

**कवर्धा।** कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर तहसीलवार राजस्व से संबंधित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी की व्यवस्था और उसकी प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ो, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, बोड़ला एसडीएम श्री विनय पोयाम, कवर्धा एसडीएम श्री अनुपम टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर श्री आर. बी. देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती गीता रायस्त सहित सर्व तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की संख्या को कम करने के लिए अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि ये सीधे तौर पर आम जनता से जुड़े होते हैं। प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। उन्होंने सभी अधिकारी को पूरी गंभीरता और ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निष्पादन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि धान खरीदी शासन की सबसे प्राथमिकता में शामिल है। धान बेचने में किसी भी किसान



को दिक्कत नहीं होने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी लगातार होनी चाहिए। किसी भी केंद्र में बंद होने की शिकायत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है, किसी भी केंद्र में बारदाना की कमी होने पर जानकारी दे। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उचित मूल्य की दुकानों से बारदाने एकत्रित करे। कलेक्टर ने कहा कि कबीरधाम जिला राज्य के अंतिम सीमावर्ती क्षेत्र होने से अन्य राज्य एवं अन्य जिलों से अवैध रूप से धान का परिवहन कर उर्पाजन केन्द्रों में धान खपाए जाने की आशंका होती है। उन्होंने चेकपोस्ट में कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की समस्या न हो और तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने इस दौरान भू-अर्जन प्रकरण की समीक्षा, जिले के कृषक पंजीयन (फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में सी एस सी के साथ कार्यशाला), स्वमित्व योजना का क्रियान्वयन एवं ग्रामवार हितग्राहियों की संख्या का चिन्हांकन, नगरीय क्षेत्र में पट्टा वितरण किये जाने के संबंध में, नामांतरण, बंटवारा, त्रुटी सुधार प्रकरण, जीओ रिफ्रेसिंग, वन अधिकार पत्र के संबंध में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, त्रुटि सुधार, अपील संबंधी प्रशिक्षण, वनाधिकार पट्टे का 9 डिजिटाईजेशन एवं अभिलेख दुरूस्ती व्यवस्था, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत फसल क्षति का मुआवजा वितरण की स्थिति, उपयोगिता प्रमाण पत्र, मांग पत्र, सम्पूर्ण न्यायालयीन प्रकरणों की जानकारी, अतिक्रमण प्रकरण, भू-अर्जन अवार्ड के अनुरूप राजस्व अभिलेख दुरस्ती एवं संबंधित विभाग को संशोधित अभिलेख, मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त आवेदन, जन शिकायत, कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदन, समय-सीमा में रखे गए पत्रों के निराकरण, त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के कार्यों की समीक्षा की।

# डॉ. रमन सिंह खरखरा बांध से पाइप लाईन जुड़वाकर 24 घण्टे पानी अमृत का दिलवाएं - ओस्तवाल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम् से शहर के विधायक डॉ. रमन साहब से यह मांग की है कि जिस तरह आपके मुख्यमंत्री कार्यकाल में राजनांदगांव शहर को अमृत मिशन योजना के अंतर्गत लगभग 210 करोड़ रूपयों की राशि की स्वीकृति नई पाइप लाईन के विस्तार और 24 घण्टे शहर की आम जनता को पर्याप्त मात्रा में पीने का शुद्ध पानी प्राप्त हो सके उस उद्देश्य से केन्द्र सरकार से यह अमृत मिशन योजना की राशि राजनांदगांव नगर पालिक निगम को भी प्राप्त हुई लेकिन दुर्भाग्य यह है कि राजनांदगांव शहर के विधायक जिस तेजी से राशि का आबंटन अपने कार्यकाल में शहर के विकास के लिए उपलब्ध कराते है यदि उस राशि का कितना उपयोग शहर की जनता के विकास के लिए हुआ और कितनी राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी उस पर यदि चिंतन मनन करते हुए ठोस कार्यवाही अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में दोषियों के खिलाफ हो जाती तो राजनांदगांव निगम सीमा में यह अमृत मिशन योजना फेल नहीं होती। श्री ओस्तवाल ने डॉ. रमन सिंह जी को यह कहा कि जिस तरह से अमृत मिशन योजना 2 के लिए आपने लगभग 147 करोड़ रूपयो की स्वीकृति दिलायी है उसके लिए आपको शहर की आम जनता की तरफऔर मेरे तरफसे भी धन्यवाद लेकिन साथ ही आपसे यह अनुरोध है कि इस पत्र को गंभीरता से लेते हुए राजनांदगांव शहर की जनता के आप लगभग पिछले 25 वर्षो से जन प्रतिनिधि के तौर पर है और शहर के चप्पे-चप्पे की भौगोलिक स्थिति का आपको अनुभव चुनाव लडके मिल चुका है और राजनांदगांव जिले की जनता ने आपको हमेशा सर आँखो पर बैठाया है इसलिए जनता के हित में तत्काल



अमृत मिशन योजना के अंतर्गत शासन के नियम विरूद्ध पूर्व महापौर श्री मधुसूदन यादव जी के कार्यकाल में मोहारा से लेकर खरखरा बांध तक लगभग 58 करोड़ रूपयों की राशि की नियम विरूद्ध जो पानी लाने के लिए पाईप लाईन बिछाई गई है लेकिन जल संसाधन विभाग के द्वारा उसकी अनुमति आज दिनांक तक राजनांदगांव नगर निगम को प्राप्त नही है इसलिए खरखरा बांध से पाईप लाईन कनेक्शन जोड़वाकर यदि आप दिखला देंगे तो यह राजनांदगांव शहर की जनता को खुशी होगी कि डॉ. रमन साहब पानी जैसी मूलभूत सुविधा में राजनीति से कोसो दूर रहते हैं और अपने कर्त्तव्य को भलीभांति समझते है, क्योंकि अब तो बदला पूरा वाली सरकार नही है और यदि खरखरा बांध से कनेक्शन नही जुड़वा पाते है तो यह समझ में आ जाएगा कि इसलिए पूर्व के भ्रष्टाचार के पाप को दबाने का प्रयास डबल इंजन की सरकार में भी हो रहा है? पूर्व में भूपेश बघेल के शासन काल में 5 वर्ष तक शहर की जनता को यह बतलाया गया कि बदला पूरा के चलते भूपेश बघेल राजनांदगांव का विकास नही होने दे रहे हैं लेकिन अब तो छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित इस देश में डबल इंजन की सरकार मोदी जी के नेतृत्व में चल रही है अब आप यह नही कह सकते कि इस प्रदेश में और राजनांदगांव के विकास में अब भी भूपेश बघेल बाधक बन रहे हैं क्योंकि बदला पूरा के नाम का जितना डमरू बजाना था वह बज चुका है और अब शहर के उच्चित उद्योग स्थापित और विकास का समय आपके हाथो में जनता ने सौंपा है उसका रिटर्न अब आप अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता को विधानसभा अध्यक्ष का पावर दिखाते हुए कितना विकास कराते वह परीक्षा का पांच वर्ष का कार्यकाल आपके समक्ष है।

# एक साथ होगा नगरीय निकाय-त्रिस्तरीय चुनाव, भाजपा की बैठक में बनी सहमति, सरकार जल्द करेगी घोषणा

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक में एक साथ नगरीय निकाय के साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर सहमति बनी. लेकिन महापौर और अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष होगा या अप्रत्यक्ष इस पर अभी सस्पेंस बरक़रार है. उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने कहा कि इस संबंध में सरकार जल्द फैसला लेगी. यह भी पढ़ें : बैंक सुरक्षा और साइबर ठगी पर अंकुश लगाने स्स्क ने ली बैठक, बीजेपी के बस्तर सरगुजा बिलासपुर संभाग के भाजपा सांसद, विधायक और संभाग पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष होगा कि नहीं, इस फैसले के लिए अभी और इंतज़ार करना होगा. बहुत



जल्द सरकार इस पर फ़ैसला लेगी. अरुण साव ने कहा कि गांव व शहरों की विकास अवरूद्ध हो गई थी. राज्य में विष्णु देव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा किया है. हमने 11 महीने में जो काम किया है, उसको लेकर जनता तक जाएंगे. गांवों और शहरों में हुए विकास के काम को जनता तक लेकर जाएंगे. नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय चुनाव में बीजेपी की परचम लहराएगी. वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बैठक के बाद कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बैठक हुई है. महापौर, अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष एवं त्रि स्तरीय चुनाव एक साथ होगा की नहीं इस पर चर्चा हुई है. कार्यकर्ता से लेकर पदाधिकारी तक सभी इस बात पर सहमति हैं कि चुनाव एक साथ हो. बहुत ही जल्द सरकार इसको लेकर घोषणा करेगी.

# मशरूम के युवा उद्यमी सुधीर एवं रूपेश को जबलपुर में मिला नवाचारी के रूप में पांच लाख का ग्रांट

### उन्नत तकनीक से मशरूम उत्पादन बना प्रमुख कारण

**राजनांदगांव।** मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले संस्कारधानी के दो नवाचारी युवा उद्यमियों को बीते दिनों मध्यप्रदेश के जबलपुर में पांच पांच लाख रुपये का ग्रांट दिया गया। ज्ञात हो कि जवाहर आरबीआई कोहोर्ट 5.0 के एग्री स्टार्टअप्स के साथ इन युवा उद्यमियों का एमओए हुआ है। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस



ग्रामीण रोजगार के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में विश्व विद्यालय प्रमुख भूमिका निभा रहा है।उक्त आयोजन में आईएआरआई नई दिल्ली ने भी ऑनलाइन जुड़कर एग्री स्टार्टअप्स प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की और स्टार्टअप्स को बधाई देते हुये कहा कि कृषि के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। साथ ही सफल उद्यमी बनने के लिये कड़ी मेहनत और लगन के साथ कार्य करने की

समारोह में संस्कारधानी के सुधीर मिश्रा एवं रुपेश चौबे को यह ग्रांट मिला। दोनों ही युवा एम् जी मशरूम एवं गोकुल ग्रामोद्योग के नाम से कंपनी का संचालन करते हैं और अपने इस क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर युवाओं को उपलब्ध कराते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि की आंसदी से कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने कहा कि आप सभी के स्टार्टअप्स अपने नये-नये आईडियाज एवं रोजगार के साधन तैयार करने हेतु दूसरों के लिये उदाहरण बन रहे हैं। कृषि क्षेत्र में भविष्य के विकास के क्षेत्र में सेकेण्डरी एग्रीकल्चर अर्थात मूल्य संवर्धन, पैकेजिंग एवं प्रोसेसिंग से आवश्यकता है। जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के 15 एग्री स्टार्टअप्स में महिला 4 और पुरूष एग्री स्टार्टअप्स 11 उपस्थित रहे। उक्त आयोजन में पूरे भारत में लगभग 45 स्टार्टअप ने इसमें हिस्सा लिया जिसमें शीर्ष 17 स्टार्टअप को ही ग्रांट प्रदान किए गए, जिसमें छत्तीसगढ़ के 2 स्टार्टअप कंपनी एमजी मशरूम और गोकुल ग्रामोद्योग मुख्य रूप से सम्मिलित हैं। सुधीर मिश्रा व गोकुल चौबे को इस उपलब्धि पर उनके सहयोगियों, मित्रों व सहकर्मियों ने उन्हें बधाई दे कर उनके उज्जवल बह्विश्य की कामना की है।

# सरेआम शराब पीते 49 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में सरेआम शराब पीते 49 लोगों को गिरफ्तार किया हैआरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खम्हारडीह पुलिस ने कचना शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी जगदीश जगत 26 वर्ष, लखन बघेल 24 वर्ष, साहिल पंजवानी 22 वर्ष, सुमीत नामवानी 24 वर्ष व गोपाल तांडी 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार सोम 38 वर्ष एवं गंज थाना पुलिस ने आरोपी पियूष शर्मा 28 वर्ष व पिंटू साहू 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मुजगहन पुलिस ने आरोपी हेमंत सोनवानी 32 वर्ष व गणेशराम बघेल 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी प्रेम रजक 22 वर्ष एवं धरसींवा पुलिस ने आरोपी कुमारी पाटिल 35 वर्ष, उमाशंकर वर्मा 49 वर्ष व कामता धृतलहरे 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# केटीयू में दिग्विजय महाविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों का विजिट कार्यक्रम

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय स्वशासीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले के मार्गदर्शन एवं पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ. बी. एन. जागृत के नेतृत्व में पत्रकारिता विभाग द्वारा विस्तार गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में शैक्षणिक भ्रमण किया साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कौशल पर तीन दिवसीय कार्यशाला में सम्मिलित हुए। जिसमे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा, कुल सचिव सुनील कुमार शर्मा, छत्तीसगढी फिल्म निर्माता एवं राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार विजेता मनोज वर्मा, रिसोर्स पर्सन वरिष्ठ पत्रकार रुपेश यादव, जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, मीडिया प्रबंधन एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी, पब्लिक रिलेशन विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी, पत्रकारिता विभागाध्यक्ष पंकज नयन पांडे, सह प्राध्यापक डॉ. निपेंद्र शर्मा उपस्थित रहें। प्राध्यापक अमितेश सोनकर ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ का पहला मीडिया शासकीय विश्वविद्यालय



हैं। ज़ो 2005 से संचालित हैं और यहां अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं जिसमें विद्यार्थियों को रेडियो संवाद एवं टेलीविजन स्टूडियो की कार्यप्रणाली को बेहतर सीखा जा सकता हैं। प्रध्यापिका बॉबी राजपूत में रेडियो संवाद की जानकारी देते हुए कहा कि सामुदायिक रेडियो स्थानीय प्रसारण का एक तरीका है यह रेडियो सेवा का एक अलग मॉडल है जो वाणिज्यक और सार्वजनिक सेवा से अलग होता है साथ ही रेडियो प्रसारण से जुडी उपकरण की जानकारी दी गई। शोधार्थी चंद्रेश चौधरी नें विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा की आज की डिजिटल युग में टेलीविजन की महत्ता काफी बढ़ गई है जिसमे कैमरा की भूमिका अहम हैं। इसी कड़ी में प्रकाश डालते हुए टेली प्रॉम्पटर, लाइट्स, माईक, क्रोमा से जुडी महत्वपूर्ण बारीकी से अवगत कराया गया। न्यूज़ रूम लाइब्रेरी, पीसीआर कक्ष, आईटी कक्ष, वीडियो कैमरा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रायोगिक कार्यविधियों को सीखा और अनेक प्रकार के तकनीकी से जुड़ी प्रश्न किये जिसका संतुष्टि पूर्ण उत्तर प्राप्त हुआ।

# गायत्री विद्यापीठ में विज्ञान मेले का भव्य आयोजन

### इंग्लिश आर्ड, नुक्कड़ नाटक, विज्ञान मॉडल रहा आकर्षण का केंद्र

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रतिवर्ष पालकों की विशेष मांग के आधार पर कुछ नया सीखने व जानने के उद्देश्य से शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी गायत्री विद्यापीठ में विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान, हिन्दी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, आर्ट एवं क्राफ्ट जैसे विषयों पर एकट्ठ से बढ़कर एक ज्ञानवर्धक, रोचक एवं उपयोगी मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मेले का शुभारंभ गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल द्वारा किया गया। साथ ही साथ इस मेले में संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वन्दना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, प्रशासक अनिल वाजपेयी, विज्ञान विभाग के एचओडी श्री संतु गुप्ता, श्री आशीष शर्मा, शाला के विद्यार्थीगण, शहर के गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में की गई। उक्त आयोजन में विद्यार्थियों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किये गये जो बेहद ज्ञानवर्धक, रोचक व शिक्षाप्रद रहे। इसमें मुख्य रूप से विज्ञान मॉडल्स के साथ-सार्थ इंग्लिश आर्च्र्ड, नुक्कड़ नाटक, गायत्री हेल्थ सेंटर, ईवीएम मशीन, रोबोटिक्सआदि आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही साथ च्च्रील वर्सेस रियल लाईफ्ज् विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक बेहद



प्रभावी रहा जो शिक्षक राहुल जैन के निर्देशन में तैयार किया गया था। विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान के आधुनिकतम खोज के रूप में कई मॉडल्स ने लोगों का ध्यान खींचा। विभिन्न मॉडल्स देखकर लोगों ने कहा कि आधुनिक विज्ञान मनुष्य की उन्नति में बहुत ही सहायक है। छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति पर आधारित मॉडल एवं व्यंजन भी खुब वाह-वाही बटोरने में सहायक रहा इसकी अवधारणा शिक्षक प्रशांत सिन्हा के मार्गदर्शन थी। इसी प्रकार प्री-प्राईमरी व प्राईमरी के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा अनेक शानदार मॉडल प्रस्तुत किये गये। जिसमें मुख्य रूप से टे:फ्कि सिग्नल, बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम, मानव शरीर की संरचना, जल संरक्षण, हमारे संस्कार आदि मॉडल प्रस्तुत किये गये। विज्ञान मेले का अवलोकन करते हुए सचिव श्री गगन लड्ढा द्वारा कहा गया कि दृढ़ इच्छा शक्ति व परिश्रम से हर क्षेत्र में आप सफल हो सकते हैं। विकसित राष्ट्र हेतु आप जैसे प्रतिभावानों की आज देश को आवश्यकता है। मैं इन सभी भावी वैज्ञानिकों को अपनी शुभकामना व आशीर्वाद देता हूँ। शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा कहा गया कि यह विद्यालय, यहां की कार्यप्रणाली विशिष्ट है जो हमें भीड़ से अलग पहचान देती है। क्षेत्र चाहे कोई भी हो शिक्षा, खेल, संस्कार सभी क्षेत्रों में हमने अपनी बेहतर छवि बनाई है। यहां पालकों की उपस्थिति निश्चित तौर पर विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने में सहायक है। उनके उज्जवल भविष्य की ओर एक सराहनीय कदम है। मैं शिक्षकों के साथ-साथ सभी पालकों का भी विशेष आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने अपनी उपस्थिति से आयोजन को सफल बनाया। आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने कहा कि यह विद्यालय राष्ट: की उन्नति के लिए दृढ़ संकल्पित है। बच्चों की बेहतर प्रस्तुति उनके निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर होने में सहायक होंगी ऐसी मैं कामना करती हूँ। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्रीमती उषा झा, क्रीडाधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा द्वारा किया गया। वीडियोग्राफी व्याख्याता श्री आशीष सोनवानी द्वारा किया गया।

# छत्तीसगढ़ में 2 दिसंबर तक बूंदाबांदी, तीन दिन 4 डिग्री तक चढ़ेगा रात का पारा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। कड़ाके की ठंड के बीच अब आज (शनिवार) से 2 दिसंबर तक 13 जिलों में बारिश की चेतावनी है। बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन 'फेंजल' के असर से प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से माध्यम बारिश हो सकती है। सबसे ज्यादा असर सरगुजा और बस्तर संभाग में पड़ सकता है। अगले तीन दिन न्यूनतम तापमान 2 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। जिससे रात में ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि साइक्लोन 'फेंजल' दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है, जिसके असर से ऐसी स्थिति बन रही है। आज इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। दोपहर तक तूफान उत्तरी तमिलनाडु तट को पार कर सकता है। सरगुजा संभाग में इस साल कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड ने 37 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया गया है। मैनपाट में रात का पारा 4.8 डिग्री तक पहुंच गया है। सामरी पाट में भी कड़ाके की ठंड से लोगों को दिन में गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। सरगुजा में न्यूनतम तापमान 7? डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। सुबह से ही बदल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 29? और न्यूनतम तापमान 17? के आसपास रहने की संभावना है। प्रदेश में पिछले 18 दिनों से अच्छी ठंड पड़ रही है। 10 नवंबर तक उत्तरी छत्तीसगढ़ समेत पूरे प्रदेश में रात का तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री तक अधिक था। 11 नवंबर से अंबिकापुर और पेंड्रारोड में पहली बार तापमान सामान्य से आधा डिग्री नीचे आया। एक-दो दिनों के

**शुभांक**

**2-4-7**

**137-1 577-9**

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव**

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार साहू आ. स्व. चैतूराम साहू, निवासी-कंचन बाग, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पिता चैतूराम साहू आ. झाड़ूराम साहू की मृत्यु दिनाँक 09. 12.2016 को हो जाने पर उनके बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्य हेतु आश्रिता / वारिस प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 05/12/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा !

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 20/11/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनॉक :- 20/11/2024**
**पेशी दिनॉक :- 05/12/2024**

सील

तहसीलदार
राजनांदगाँव

## ज्ञान मंथन

1) नाचने वाला हिरण भारत के किस राज्य में पाया जाता है?

2) भारत के किस राज्य में बारापानी झील स्थित है?

3) हाल ही में विश्व कछुआ दिवस कब मनाया गया?

4) सागा दावा उत्सव कहाँ मनाया जाता है?

5) हाल ही में रिकॉर्ड 30वीं बार माउंट एवरेस्ट किसने फ़तह किया है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) मणिपुर (2) मेघालय (3) 23 मई
(4) सिक्किम (5) कामी रीता शेरपा

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की घोषणा की

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नई दिल्ली के भारत मंडपंम में संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के महासम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया ।साथ ही केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह जी की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया गया। भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि सहकारिता सम्मेलन उद्घाटन व 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप मे मनाने की घोषणा भूटान के प्रधानमंत्री, एवम् फिज़ी के उप प्रधानमंत्री, की गरिमामयी उपस्थित सहित विश्व के 107 देशों से आये हुए सहकारिता क्षेत्र के सम्मानित पदाधिकारियों एवम् प्रतिनिधि मण्डल के सानिध्य में किया गया। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने का मुझे भी अवसर मिला। इस पावन अवसर पर विदेश से आये हुए मेहमान प्रतिनिधियों मे फिलिपींस, जापान ,तंजानिया, दक्षिण कोरिया ,नेपाल ,भूटान, केन्या , यू के, यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका,रूस,अफ्रीका नाइजीरिया आदि प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से मुझे भी मिलने का अवसर मिला। इस अवसर पर आईसीए के आयोजक इफ्को द्वारा की गई विशेष व्यवस्था की देश विदेश से आए प्रतिनिधियों ने भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए इस महासम्मेलन को ऐतिहासिक बताया। इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस (आईसीए) द्वारा सहकारिता क्षेत्र में दिए जाने वाले सहकारिता जगत के सर्वोच्च प्रतिष्ठित पुरस्कार रोशडेल पायनियर अवार्ड 2024 से इफ्को के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ डॉ उदय शंकर अवस्थी को सम्मानित किया गया।उक्त महासम्मेलन में मुझे भी सुझाव देने का अवसर मिला। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री द्विवेदी ने देश विदेश से आए सभी प्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस सहकारीता आंदोलन से निश्चित रूप से सहकार से समृद्धि की परिकल्पना साकार होगी । केंद्र सरकार ने पैक्स को बहुउद्देशीय बनाते हुए 54 पहलें शुरू की है । जैसे सीएससी सेंटर, जेम पोर्टल पर खरीदी, पेट्रोल पंप की डीलरशिप,जन औषधि केंद्र, एल पी जी कनेक्शन आदि तमाम प्रकार के कार्य पैक्स में किए जाने की मंजूरी दी गई है। इससे निश्चित रूप से सहकारी सदस्यों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी तथा पैक्स भी मजबूत होंगे। श्री द्विवेदी ने कहा कि कोऑपरेटिव के सिद्धांतों का पालन करते हुए कोऑपरेटिव फार्मिंग ,कोऑपरेटिव हॉस्पिटल, कोऑपरेटिव स्कूल एंड कॉलेज ,साथ ही कोऑपरेटिव प्रोसेसिंग प्लांट भी बनाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सहकारिता से जोड़कर प्रत्येक पंचायत स्तर पर आवश्यकतानुसार दुग्ध सोसाइटी तथा मत्स्य सोसाइटी बनाकर संचालन किया जाए तो इसी सहकारिता वर्ष में गांव, किसान और गरीब की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश संयोजक श्री द्विवेदी ने कहा कि कृषि कार्य में रासायनिक उर्वरक के अधिक उपयोग करने से धरती का स्वास्थ्य दिनों दिन खराब होता जा रहा है । भू जलस्तर नीचे चला जा रहा है। केपटाउन तथा अपने ही देश के चेन्नई शहर में भूजल समाप्त होता जा रहा है तथा मृदा प्रदूषण के चलते पानी पीने योग्य नहीं रह गया । ऐसी स्थिति में हमें केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग कम करते हुए इफ्को द्वारा लॉन्च किए गए नैनो उर्वरक का उपयोग ज्यादा करना होगा । साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ मां के नाम का जोआह्वान किया है, उसका विश्व में सभी को पालन करते हुए वृक्ष सहकारिता का निर्माण कर ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए ,नहीं तो एक दिन ऐसा आएगा कि जिस तरह आज हम स्वच्छ पेय जल की तलाश में बोतल बंद मिनरल वाटर खोजते रहते हैं, उसी तरह से वायु प्रदूषण के कारण ऑक्सीजन की कमी के चलते , वह दिन दूर नहीं जब हमें बोतल बंद ऑक्सीजन लेकर चलना पड़ेगा । निश्चित ही इस सहकारी सम्मेलन से सहकारिता आंदोलन को नई गति और नया शिखर मिलेगा । तथा इसी सहकारिता वर्ष में गांव ,किसान और महिलाओं की समृद्धि का रास्ता प्रशस्त होगा।उक्त सम्मेलन में छत्तीसगढ़ से भी सहकार भारती के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत द्विवेदी , महामंत्री करुणा निधि, हेमंत पांडे, जगदीश भारती ने भी भाग लिया।

**अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन से सहकारिता आंदोलन को नई गति और नई दिशा मिलेगी : शशिकांत द्विवेदी**

## आज विभिन्न मार्गों एवं वार्डों में तथा घर-घर एक थैला एक थाली संग्रहण महाअभियान पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव द्वारा गायत्री मंदिर से नगर भ्रमण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव के जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल एवं नगर प्रचार प्रमुख आलोक शर्मा ने बताया कि संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव




के सेवाभावी पर्यावरण प्रेमियों संरक्षक युवाओं की संस्था पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव की टोली के एक थैला एक थाली जन संग्रहण अभियान के जिला संयोजक राकेश साहू , सहसंयोजक अनूप जिला संयोजक मयंक कृष्णा शर्मा सहसंयोजक सूरज गुप्ता शहर प्रमुख निकुंज सिंघल नारी शक्ति प्रमुख मौसमी शर्मा जिला प्रचार प्रमुख मनीष यादव सहित अन्य सहयोगियों द्वारा आज प्रात: 10:00 बजे स्थान गायत्री मंदिर कामठी लाइन से नगर भ्रमण करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों एवं वार्डों में भ्रमण करते हुए सनातन संस्कृति के सबसे बड़े महाकुंभ को हरित कुंभ प्लास्टिक मुक्त कुंभ हेतु घर-घर से एक थैला एक थाली जन भागीदारी महा अभियान से संस्कारधानी राजनांदगांव के जन जन से एक थैला एक थाली जन संग्रहण के माध्यम से एकत्रित कर हरित महाकुंभ को प्लास्टिक मुक्त कुंभ बनाने में संस्कारधानी वासियों का विशेष योगदान प्राप्त होगा नगर के जन जन व विभिन्न सेवाभावी संस्थाएं , सामाजिक संस्थाएं महिला मंडल एवं युवाओं की संस्था सहित संस्कारधानी वासियों का अपार सहयोग मिल रहा है संस्कारधानी वासियों ने ठाना है प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को हरित कुंभ बनाना है प्लास्टिक मुक्त कुंभ बनाना है संस्कारधानी के जन जन ने ठाना है कुंभ स्नान को जाएंगे एक थैला और एक थाली अपने साथ ले जाएंगे । नगर की सनसिटी परिवार की ओर से थाली कस्तूरबा महिला मंडल की ओर से इस महा अभियान में थाली व थैला आराधना महिला मंडल की ओर से थाली थैला खंडेलवाल महिला मंडल की ओर से श्रीमती शारदा तिवारी कस्तूरबा महिला मंडल अध्यक्ष अलका जानी आराधना महिला मंडल अध्यक्ष प्रभा बरडिया उपस्थित रहे थाली थैला का सहयोग खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरला खंडेलवाल , स्वर्णकार समाज ,अग्रवाल समाज खंडेलवाल समाज, ब्राह्मण समाज, सनसिटी एनएक्स परिवार, बाल रत्न मंच सेवा समिति की ओर से थाली व कपड़े का थैला नगर की सभी संस्थाओ की ओर से अपार जन प्राप्त हो रहा है उपरोक्त जानकारी जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल एवं नगर प्रचार प्रमुख आलोक शर्मा ने दी ।

## प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना अंतर्गत जिले के 1 लाख 27 हजार 956 किसानों का फार्मर आईडी किया जाएगा तैयार



**कवर्धा।** भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना अंतर्गत एग्रीस्टेक परियोजना के तहत सम्पूर्ण देश में कृषक हित में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से नवाचार किया जा रहा है। एग्रीस्टेक परियोजना के आगामी चरण के रूप में सभी कृषि भूमि धारक का कृषि भूमि पहचान पत्र (फार्मर आईडी) का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में इस परियोजना के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मास्टर ट्रेनर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख श्री आर. बी. देवांगन द्वारा अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ो के उपस्थिति में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सहायक संचालक कृषि, सर्व तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला खाद्य अधिकारी, खाद्य निरीक्षक, जिला विपणन अधिकारी, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर तथा प्रत्येक अनुभाग के 10-10 लोक सेवा केन्द्र ऑपरेटर को फार्मर रजिस्ट्री का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि कृषक पंजीयन के लिए लोक सेवा केन्द्र (सी.एस.सी.) की उपलब्धता प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सुलभ रूप से होने तथा अलग-अलग विभागों के कार्य सम्पादन का पूर्व अनुभव होनें के आधार पर लोक सेवा केन्द्र को प्राथमिकता के आधार पर कृषक पंजीयन के लिए चयनित किया गया है। इसके अलावा किसान अपनी स्वपंजीकरण मोबाईल एप्प के माध्यम से कर सकता है। इस दौरान बताया गया कि जिले के 1 लाख 27 हजार 956 किसानों का फार्मर आईडी एवं फार्म लैण्ड आईडी तैयार किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित जिले के कृषक भी सम्मिलित है।

**फार्मर-आईडी के लाभ-** इस योजना से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट जैसी केन्द्र की विभिन्न योजनाओं का लाभ फार्मर आईडी के द्वारा आसानी से प्राप्त होगा। कृषि ऋण योजना, मुख्यमंत्री किसान सहायता योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि मशीनीकरण योजना जैसे राज्य सरकार की योजनाओं के लिए किसान पंजीयन से प्राप्त फार्मर आईडी से किसानों को सीधा लाभ संभव हो सकेगा।

## जिले क़े डोंगरगढ़ क्षेत्र में किसानों क़े नाम पर धान केन्द्रो में अवैध रूप से धान संग्रहण कर कोचीया धान बेचने को हो रहे है सक्रिय

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ क़े मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार धान उपार्जन केंद्रों में अवैध धान के विक्रय पर रोक लगाने जिला प्रशासन द्वारा गम्भीरता से कार्यवाही की जा रही है कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में जिले के सहकारी समितियों में अवैध धान के आवक, धान की रिसाइक्लिंग, कोचियों-बिचौलियों के धान की विक्रय एवं राजस्व भूमि पर कब्जाकर लगाए गए धान की बिक्री को रोकने हेतु राजस्व अमला द्वारा मुश्तैदी से कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष किसानों को धान की फ़सल में प्रति एकड़ पर नुकसान होने के कारण किसानों के पर्चे में कोचीयाओ क़े द्वारा बेचे जा रहा है धान !! इस वर्ष किसानों को पानी की मार क़े कारण धान की फ़सल में प्रति एकड़ पर कम से कम 10 किवटल का नुक्सान झेलना पड़ा है जिसके चलते किसानों को सरकार क़े द्वारा दी जा रही प्रति एकड़ राशि में धान की फ़सल में आई कमी क़े कारण नुक्सान हो रहा है जिसका पूरा फायदा गाँव में रह रहे कोचीयों को फायदा मिल रहा है कोचीयाओ क़े द्वारा कृषि उपज मंडी से 50 किवटल का लांयसेंस बना कर 50000 किवटल खरीद कर किसानो क़े पर्चे में धान खरीदी केन्द्रो में सेटिंग कर अपने धान को खपाया जा रहा है वही दूसरी ओर राजनांदगाव जिले क़े आस पास लगे राज्यों से अवैध धान गाड़ियों में मंगाकर सोसायटी में खपाने की कोशिश भी की जा रही है !! जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेश पर लगातार डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम क़े दिशा निर्देश पर टीम तैयार कर बॉर्डर से अवैध रूप से डोंगरगढ़ विकासखंड क़े बॉर्डर में बने धान खरीदी केन्द्रो में अवैध रूप से आने वाले धान को खपाने का कार्य करने की तैयारी चल रही है जिसको डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम क़े द्वारा बनाई गई टीम लगातार बॉर्डर में बने धान खरीदी केन्द्रो में जाकर जांच कर अवैध रूप से कोचीयाओ क़े द्वारा सोसायटी में आने वाले धान की गाड़िया पकड़ रही है।

## शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय द्वारा किया गया परिक्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन




### दूरस्थ वनांचल क्षेत्रो से आये हुए उत्साही बच्चों ने खेलों में किया अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा दिनांक 28 नवम्बर 2024 को डॉ सुमन सिंह बघेल प्राचार्य के मार्गदर्शन में राजनांदगांव परिक्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि सिन्हा अध्यक्ष जन भागीदारी समिति रहे अध्यक्षता डॉक्टर सुमन सिंह बघेल प्राचार्य ,विशेष अतिथि के रूप में नमिताभ जैन पूर्व पार्षद ,आलोक बिंदल ,विजय राय पार्षद, तरुण साहू रहे प्राचार्य महोदय ने सभी सहभागियों को बधाई दी एवं खेल को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया एवं कहा की खेल में एक स्वस्थ शरीर में एक स्वस्थ दिमाग रूप में बहुत अच्छी तरह से वक्त किया जा सकता है खेल मे दौड़ भाग आदि सम्मिलित होते हैं जो हमारे दिमाग और शरीर को स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए रवि सिन्हा ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करें खेल में हार जीत होते रहता है हारने वाले निराश ना होवे अच्छी मेहनत कर अगली बार सफलता प्राप्त करें खेल हमारे अंदर के आज्ञाकारिता अनुशासन धैर्य ईमानदारी और टीम भावना के गुण को बढ़ावा देता है एक टीम के कप्तान को सभी खिलाड़ियों के विशेषताओं को समझना चाहिए और खेल को जिम्मेदारी से खेलना चाहिए वही टीम के सदस्यों को अपने साथी की मदद करने एवं तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए प्रत्येक खिलाड़ी को यह पता होता है कि उसे सदैव खुद से पहले टीम के भले के हित के बारे में सोचना है उन्हें आत्म त्याग अनुशासन और सहयोग के गुण के साथ दूसरे के सामने खुद को प्रस्तुत करना होता है इस तरह हर खिलाड़ी के अंदर समूह के प्रति मित्रता की भावना उत्पन्न होती है एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चार जिले राजनांदगांव कबीरधाम खैरागढ़ मानपुर मोहला चौकी के 22 महाविद्यालय के 250 छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने वासुदेव गीत व राउत नाचा नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसे सभी का मन मोह लिया विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग की भागीदारी रही 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर 15 00 मीटर 5000 मीटर 10000 मीटर लंबी कूद ऊँची कूद गोला फेक भाला फेक चक्र फेक शामिल किए गए पारस मारडे कवर्धा पुरुष वर्ग में 100 एवं 200 मीटर दौड़ जीतकर सबसे तेज धाविका का खिताब जीता महिला वर्ग में निशा अँबागढ चौकी ने सबसे तेज धाविका का खिताब जीता राजनांदगांव परिक्षेत्र की विजिट टीम 2 दिसंबर 2024 को बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉक्टर नंदेश्वर श्रीमती अनीता पोशार्य श्री पीके हरवाले चौधरी विभिन्न महाविद्यालय से पधारे टीम मैनेजर और टीम के कोच व आयोजन महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग कर नहीं रहा श्री परेश वर्मा कीड़ा अधिकारी के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया डॉक्टर सुमन सिंह बघेल आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य 30 नवंबर को सेवानिवृत होने पर उपस्थित खेल अधिकारियों व खिलाड़ियों ने आत्मीय विदाई दी उद्घाटन सत्र में रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गए अतिथि व खिलाड़ी भी राउत नाचा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति से भाव विभोर होकर आनंद के साथ थिरकने लगे।



## धर्म समाचार....

# विवाह पंचमी पर करें ये असरदार उपाय, विवाह से जुड़ी समस्याएं होंगी दूर






विवाह पंचमी का दिन बहुत ही विशेष होता है। यह पर्व हर साल मार्गशीर्ष महीने में शुक्ल पक्ष के पांचवें दिन मनाया जाता है। विवाह पंचमी पर लोग भगवान राम और देवी सीता की पूजा करते हैं और व्रत रखते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल विवाह पंचमी 06 दिसंबर को मनाई जाएगी तो आइए इस दिन से जुड़े कुछ सरल उपाय को जानते हैं। विवाह पंचमी का दिन बेहद ही मंगलकारी माना जाता है। इस दिन लोग भगवान राम और देवी सीता की पूजा करते हैं, क्योंकि यह तिथि उनकी शादी की सालगिरह का प्रतीक है, जो मार्गशीर्ष (अगहन) महीने में शुक्ल पक्ष के पांचवें दिन आती है। ऐसी मान्यता है कि इस मौके पर सीता-राम को समर्पित पूजा अनुष्ठान करने से वैवाहिक जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं। इसके साथ ही अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है, जब इस पावन दिन को लेकर कुछ ही दिन शेष रह गए हैं, जिन जातको के विवाह में देरी हो रही है उन लोगों को विवाह पंचमी के दिन किसी भी शिव मंदिर में जाकर मां पार्वती की विधिवत पूजा करनी चाहिए। इसके साथ ही देवी को 16 श्रृंगार की सामग्री अर्पित करनी चाहिए। इसके बाद रामचरितमानस की इस चौपाई ''जय जय गिरिवर राज किशोरी जय महेश मुख चंद चकोरी'' का 108 बार जाप करना चाहिए।

**तुलसी दल से करें ये उपाय-** विवाह पंचमी के शुभ दिन पर नौ तुलसी के पत्ते तोड़ लें। इसके बाद तुलसी दल में हल्दी, कुमकुम लगाएं और फिर उसे एक लाल कपड़े में बांध लें। वहीं, जिन लोगों के विवाह में समस्याएं आ रही हैं, वे लोग हाथ की दाहिने कलाई में इसे बांध लें। इससे उस जातक का ग्रह दोष शांत होगा। इसके साथ ही शादी में आ रही सभी प्रकार की रुकावटें भी दूर होंगी।

**विवाह पंचमी 2024 तिथि और समय-** हिंदू पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 05 दिसंबर को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन यानी 06 दिसंबर को दोपहर 12 बजकर 07 मिनट पर होगा। पंचांग को देखते हुए 06 दिसंबर को विवाह पंचमी का पर्व मनाया जाएगा।

## इस दिन मनाई जाएगी साल की अंतिम पूर्णिमा, अभी नोट करें डेट और शुभ मुहूर्त

मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। साथ ही शुभ फल की प्राप्ति के लिए जातक अन्न और धन का दान करते हैं। धार्मिक मत है कि इन शुभ कार्यों को करने से जातक के जीवन में खुशियों का आगमन होता है। पूर्णिमा तिथि को संकटों को दूर करने के लिए शुभ माना जाता है। हर महीने के अंत में पूर्णिमा का पर्व बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की उपासना करने का विधान है। साथ ही गंगा स्नान करना अधिक शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इन शुभ कार्यों को करने से जातक को सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और धन लाभ के योग बनते हैं। दिसंबर में साल की अंतिम पूर्णिमा तिथि पड़ती है, जिसे मार्गशीर्ष पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं मार्गशीर्ष पूर्णिमा की डेट और शुभ मुहूर्त के बारे में।



**मार्गशीर्ष पूर्णिमा 2024 डेट और टाइम-**

पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 14 दिसंबर को दोपहर 04 बजकर 58 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 15 दिसंबर को दोपहर को 02 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर्व 15 दिसंबर को मनाई जाएगी।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# डोंगरगांव थाने से 100 मीटर की दूरी पर महिला की गई निर्मम हत्या

## आशंका : मंगलसूत्र और गहने की लूट को दिया गया अंजाम



**पांच संदिग्ध लोगों से पुलिस कर रही पुछताछ पुलिस पेट्रोलिंग पर खड़े हो रहे सवालिया निशान**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शनिवार तड़के सुबह 4:00 बजे डोंगरगांव शहर में एक महिला की लूट के इरादे से निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर की गई है। जो पुलिस प्रशासन और पुलिसिंग पर सवालिया निशान खड़े कर रही है। गौरतलब बात है कि डोंगरगांव थाने के समीप नया बस स्टैंड के सुलभ शौचालय परिसर के पास रुक्मणी साहू पति भगवान दास साहू उम्र 70 वर्ष सुबह-सुबह सार्वजनिक नल में पानी भरने के लिए गई थी। इसी दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने लूट के इरादे से महिला पर कुछ ताबड़तोड़ हमला करते हुए निर्मम हत्या कर दी।

**सीसीटीवी में ऐसा दिख रहा है मामला**

मौके वारदात पर नया बस स्टैंड में स्थित सुलभ शौचालय के समीप टायर दुकान के सीसीटीवी में कुछ संदिग्धों की पहचान की गई है जो उक्त मौके पर पहले महिला से बातचीत किए वहीं दूसरा व्यक्ति अंधेरा होने के कारण टॉर्च दिखाते हुए महिला को समीप स्थित खंडहर परिसर में धकेल दिया। मौका पाते हुए महिला के सिर पर धारदार औजार से ताबड़तोड़ वार किया और पत्थर से सर को कुचल दिया। मौके पर ही महिला के मृत्यु हो गई।

**सुबह 10 बजे तक मौके पर नहीं पहुंची थी पुलिस**

उजाला होने पर प्रत्यक्ष दोषियों में लाश देखी और इस बात की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस मौके वारदात पर सुबह 10 बजे पहुंची यह भी पुलिस व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा कर रहे है।

**परिवार वालों ने बताया सोना चांदी की हुई लूट**

महिला के परिवार वालों ने बताया कि लूट और हत्या में गले का मंगलसूत्र पैर की पायल हाथ की ऐंठी और कान का झुमका गायब है।

**थाने के आसपास बिकता है गांजा और अवैध शराब**

देर शाम होते ही थाने के आसपास का इलाका गांजा तस्कर और अवैध शराब बेचने वालों का अड्डा बन जाता है बस स्टैंड और उसके आसपास के इलाके गांजा तस्करी अवैध शराब में आए का मुख्य जरिया बन गए नागरिक इसकी लगातार पुलिस से शिकायत भी कर रहे थे लेकिन पुलिस प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया

**अकेले रहती थी महिला**

उक्त महिला अपने पति से अलग रहकर लंबे समय से गुजर बसर कर रही थी। उनके चार पुत्र होने के बावजूद महिला स्कूल के समीप एक छोटी सी दुकान लगाकर गुजर बसर कर रही थी हाल ही में महिला ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नया बस स्टैंड के समीप अपना घर बनाया है।

**आईएचएसडीपी कॉलोनी में कुछ संदिग्ध रहने की खबर**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गरीबों के नाम पर बनाई गई कॉलोनी आई एच एसडीपी कॉलोनी में अलर्ट हुए मकानों को कुछ व्यक्ति द्वारा किराए पर दे दिया गया है जिसमें समय-समय पर कुछ बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों का आने जानें की खबर मिल रही है इनके अलावा कुछ बाहर के लोग मकान को किराए पर लेकर लंबे समय से रहना शुरू कर दिया है जिनकी जांच आज तक पुलिस प्रशासन और नगर पंचायत द्वारा नहीं की गई है। साथ ही कॉलोनी में रह रहे हितग्राहियों की वर्तमान तक नगर पंचायत द्वारा किसी भी तरह की सूची जारी नहीं की गई है।

> पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है उनके साथ पूछता जारी है जल्दी हत्या का खुलासा किया जाएगा।
> **राहुल देव शर्मा, एडिशनल एस पी, राजनांदगांव**

# भाजपा छत्तीसगढ़ ने रचा इतिहास - मनोज निर्वाणी

## संगठन के कुशल नेतृत्व का चमत्कारिक परिणाम



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भारतीय जनता पार्टी भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहां कि कम समय में भाजपा की यह ऐतिहासिक उपलब्धि संगठन के कुशल नेतृत्व का चमत्कारिक परिणाम यह साबित करता है कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान 2024 के तहत, केवल 86 दिनों के अंतराल में छत्तीसगढ़ में 60 लाख से अधिक सदस्य बनाने की ऐतिहासिक उपलब्धि तथा कीर्तिमान रचा है, भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जो कहते हैं वह कर कर दिखाते हैं । निर्वाणी ने कहा कि इतने कम दिनों में 60 लाख सदस्य बनना निश्चित ही यह छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के यह उपलब्धि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता का आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अथाह विश्वास एवं समर्थन का प्रमाण है।जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह,प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव जी एवं संगठन महामंत्री पवन साय के कुशल मार्गदर्शन और जमीन पर योजना को मूर्तरूप देने के लिए अपने समस्त कार्यकर्ताओं को बधाई शुभकामनाएं दी है।

# अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में राजनांदगांव की 10 विकेट से जीत



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-19) में खेले गए एक 3 दिवसीय मैच में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने जिला जांजगीर - चांपा एसोसिएशन को 10 विकेट से हरा कर बोनस अंक प्राप्त किए। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव की टीम ने अस्सी ओवरों में अपने समस्त विकेट खोकर 295 बनाएं। राजनांदगांव की तरफसे कप्तान बालाजी राव ने 45 एवं उपेंद्र मरकाम ने मात्र 147 गेंदों में 142 तेज रन बनाए। अनुकरण कुठारे एवं कृष्णम दुबे ने 25 एवं 22 रन बनाएं वहीं श्लोक चचाने ने भी महत्वपूर्ण 20 रन बनाएं। बल्लेबाजी करने उतरी जांजगीर - चांपा जिले की टीम मात्र 77 रन पर ही आल आउट हो गई। राजनांदगांव की तरफसे अर्शवीर भाटिया ने 10 ओवरों में मात्र 30 रन देकर 6 विकेट लिए वहीं कुणाल साहू एवं कृष्णम दुबे ने 2- 2 विकेट लिए। फालोआन का सामना करते हुए जांजगीर- चांपा की टीम ने दूसरी पारी में कुछ अच्छी बल्लेबाजी की, उन्होंने अपने समस्त विकेट खोकर 240 रन बनाएं। राजनांदगांव की तरफसे अर्शवीर भाटिया ने 3 एवं संयम सूर्यवंशी ने 3 विकेट लिए। जीतने के लिए जरुरी 26 रन राजनांदगांव ने 05 ओवरों में ही बिना कुछ विकेट खोए बना लिए। 10 विकेट से जीतने के कारण इस मैच में राजनांदगांव को एक बोनस पॉइंट सहित कुल 7 अंक प्राप्त की हुए।

# पदुमतरा से डुमरडीहकला तक विशाल बाइक रैली संपन्न, सैकड़ों क्षेत्रवासी हुए शामिल

## आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत





**राजनांदगांव।** ब्लॉक के श्री राम मंदिर पदुमतरा से डूमरडीहकला तक आचार्य पंडित युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के आगमन पर भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। 2 दिसंबर से डूमरडीहकला में विशाल चंडी यज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य आचार्य पं. युवराज पाण्डेय का आगमन पर क्षेत्र के सैकड़ों धर्मप्रेमी बाइक रैली के माध्यम से शामिल हुए। आचार्य जी का आगमन श्री राम मंदिर पदुमतरा में हुआ, जहां अतिशबाजी व फूल-मालाओं के के साथ सभी ने जोरदार स्वागत किये, उनके पश्चात मंदिर में पूजा-अर्चना किया गया। श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू एवं सदस्यों ने आचार्य जी का फूल- माला एवं साफा से स्वागत किये। तत्पश्चात बाजे-गाजे एवं अतिशबाजी के साथ सैकड़ों बाइक व दर्जनों कार रैली के माध्यम से पदुमतरा से डुमरडीहकला तक धर्मप्रेमी रैली में शामिल हुए। रैली के दौरान सभी ने भक्तिमय वातावरण के साथ नारेबाजी व संगीत के धुन में डुमरडीहकला पहुँचे, जहां सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर व ग्रामवासियों द्वारा जोरदार फूल-मालाओं के स्वागत किये। रैली में प्रमुख रूप से परदेसी साहू, गणेश साहू, सूर्यकांत भंडारी, मोहन साहू, सौरभ वैष्णव, राकेश साहू, रितेश सिन्हा, दिनु साहू, दुर्गा साहू, धनेन्द्र साहू, जस्सू साहू, प्रीतम साहू, तेजस्वी वर्मा, सोनू साहू, रति साहू, नीलेश साहू, देवनंत वर्मा, पैमन वर्मा, ओमकार साहू, दुजराम वर्मा सहित धर्मप्रेमी शामिल हुए।

# सुरगी सोसाइटी में लीलाधर साहू ने पदभार ग्रहण किया

## मुख्य अतिथि सचिन बघेल ने कहा कि किसानो की एक एक दाना सरकार खरीदी करेगी





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुरगी सोसाइटी धान खरीदी केंद्र में लीलाधर साहू ने पदभार ग्रहण किया सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पुजा अर्चना किया एव समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया और स्वगात भाषण समिति प्रबंधक जितेंद्र चन्द्राकार ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिन सिंह बघेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि साय सरकार किसानों की हितैषी है किसानो का धान एक एक दाना सरकार लेगी और जिले में सुरगी सोसायटी को बेहतर सोसायटी माना जाता है पुर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि किसानो की सोसायटी है हम सब को मिल कर काम करना है कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल कोमल सिंह राजपूत आनन्द साहु मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकार ने सम्बोधित किया और समस्त अतिथियों ने लीलाधर साहु को शुभकामनाएं दी सुरगी सोसायटी के निवृतमान बिसेलाल साहु को शाल और श्रीं फल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में कृष्णा तिवारी मनोज साह लेखराम निर्मलकर, नारद साहू, सुकृत साहू,श्रीमती पुष्पा गायकवाड,खिलेश्वर साहू , छबि यदु, योगेश बंजारे,नील निर्मालकर, उपस्थित थे। इस अवसर पर कैलैदी यादव, जितेंद्र साहु,नारायण दास ठाकुर, भुषण साहु, गुरुचरण सिन्हा, खिलेश्वर साहू किसान मित्र,तेजप्रकाश सिन्हा,रैन सिंह साहू, चंद्रप्रकाश साहू, तोमन निषाद नरोत्तम मंडल, शंकर दीपक, बोधा गहने, कमलेश साहू,परदेशी साहू,भुनेश्वर साहू,मेवा साहू,गैंद लाल चंद्राकर कृष्णा, तीरथ,अर्जुन खेमदास साहु मिलनदास साहू,परख दास साहू,केवल कतलम हुमन साहु मानदास साहु युवराज यादव मानिक साहु खेमुदास जीवन लाल साहू,हेमंत साहू,महेश दिवाकर,श्रीमती मधुसुकृत साहू सदस्य,रूखमणी साहू,लक्ष्मी साहू,अमरीका साहू,पसीका साहू,कोमिन साहू,आदि किसान बंधु समेत अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।कार्यक्रम का मंच संचालन मनोज साहू और आभार लीलाधर साहू ने किया।

# महर्षि पतंजलि योग रत्न से मोनिका साहू सम्मानित

## योग के क्षेत्र में अपने अतुलनीय योगदान के लिए देश की राजधानी दिल्ली में हुई सम्मानित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश की राजधानी दिल्ली में स्थित कांस्टीट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर सभागार में आयोजित एक सम्मान समारोह में संस्कारधानी नगरी की प्रतिभावान बेटी मोनिका साहू को महर्षि पतंजलि योग रत्न से सम्मानित किया गया। बता दें कि, मोनिका साहू बीते डेढ़ दशक से योग की साधना कर रही है और इस क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। एक कुशल योग प्रशिक्षक के साथ योगासन खेल की राष्ट्रीय खिलाड़ी भी हैं। ये योग प्रशिक्षक के रुप में सैकड़ों बच्चों को विगत लम्बे समय से नि:शुल्क सेवा दे रही हैं, और संस्कारधानी नगरी में योग को स्थापित करने के साथ-साथ नये उदीयमान खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ाने का ये सतत प्रयास कर रही हैं। योग के एक राष्ट्रीय खिलाड़ी के तौर पर इन्होंने देश की कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई स्वर्ण और रजत पदकों से संस्कारधानी नगरी का नाम रोशन किया है। वहीं नि:शुल्क प्रशिक्षण के माध्यम से शहर में कई राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने का श्रेय भी इनको जाता है। इतना ही नहीं स्वयं के खर्च से, नये योग साधकों को और उदीयमान खिलाड़ियों को नि:शुल्क साधन और संसाधन उपलब्ध कराने से भी पीछे नहीं हटी। योग को आगे बढ़ाने और जन-जन तक इसका प्रसार करने इन्होंने कई आंदोलन भी किए हैं। योग को आगे बढ़ाने और प्रत्येक नागरिक को एक स्वस्थ जीवन शैली से जोड़ने का भी यह अनवरत प्रयास करती रही हैं। इनके जीवन का एकमात्र यही उद्देश्य रहा कि, योग सर्वत्र फैले। इतनी कम उम्र में भी ये इतनी सजग रही कि, इन्होंने अपने नेतृत्व में अनेकों जनजागरण अभियान को छेड़ा और योग को जन-जन तक पहुंचाने रात और दिन एक कर दिये, तब जाकर राजनांदगांव की धरा को योग के इस मुकाम तक पहुंचा पाने में सफल रही। नतीजन आज खुद भी योग साधना में जुटी हुई हैं और औरों को भी योग से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। आज राजनांदगांव शहर ने योग के क्षेत्र में जितना भी नाम कमाया है, वह सब इनके परिश्रम की ही बदौलत है, इससे पहले राजनांदगांव का नाम योग के क्षेत्र में कहीं सुनाई भी नहीं देता था, आज देश के मानचित्र में अगर राजनांदगांव का नाम कहीं शुमार हो रहा है, तो वह मोनिका साहू के अथक प्रयासों के कारण ही है। जब से इन्होंने योग के क्षेत्र में कदम रखकर इसकी बागडोर अपने कंधों में संभाली है, तब से राजनांदगांव नित नई ऊंचाईयों को छूता जा रहा है। योग के क्षेत्र में इससे पहले कभी इस तरह के भगीरथ और सार्थक प्रयास नहीं हुए थे। इनके इन्हीं अथक प्रयासों, सेवाभाव और अतुलनीय योगदान के कारण ही इन्हें महर्षि पतंजलि योग रत्न से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद, पूर्व उपमुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश सरकार एवं पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. दिनेश शर्मा ने वीडियो संदेश के माध्यम से मोनिका साहू को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। उक्त कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कालीपीठ राजर्षि आचार्य पवन दत्त मिश्रा जी महाराज, प्रधान योगाचार्य योग अभ्यास आश्रम ट्रस्ट स्वामी अमित देव जी महाराजए, मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ योग के कार्यक्रम अधिकारी (योग थैरेपी) आईएन आचार्य, इंडियन योग एसोसिएशन के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर डॉ. एसपी मिश्रा, अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार योगेश नारायण दीक्षित, वरिष्ठ भाजपा राजनेता नितिन पाठक, जेस्चर हेल्थ केयर के संस्थापक डॉ. एके उपाध्याय सहित महासंघ के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश त्रिवेदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे। मोनिका साहू कन्हारपुरी की रहने वाली हैं और गेंदालाल साहू, माता श्रीमती अरुणा साहू की सुपुत्री है।

# निधन

**गिरीश शुक्ला**



**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के प्रतिष्ठित शुक्ला परिवार , बल्देव बाग निवासी पंडित गिरीश शुक्ला ( 86 ) का आज देवलोक गमन हो गया । राजनांदगांव जिले के निर्माता पंडित किशोरीलाल शुक्ला के वे इकलौते पुत्र थे । दिवंगत श्री शुक्ला ने सामाजिक तथा राजनैतिक स्तर पर उन्हें सौंपी गई जवाबदारियों का अंतिम सांस तक कुशलता पूर्वक निर्वहन किया । राजनांदगांव नगर में ब्राह्मण समाज सहित लोक हित में श्री शुक्ला ने आजीवन अपना योगदान किया । आज दोपहर लगभग 3 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली । श्री शुक्ला ने अपने पीछे एक सुपुत्र आलोक शुक्ल ( सन्नी ) एवं दो पुत्रियों सोना शुक्ला , श्रुति पयासी के साथ नाती - पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ा है । दिवंगत श्री शुक्ला ने अपने जीवनकाल में कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष सहित प्रदेश कांग्रेस सचिव , नांदगांव हॉकी संघ के अध्यक्ष एवं नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष के रूप में जवाबदारी का बखूबी निर्वहन किया । वर्तमान में वे 2013 से लगातार निर्विरोध नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष की आसंदी पर कार्यरत थे । उनके आकस्मिक निधन से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज सहित संस्थाओं को अपूरणीय क्षति हुई है । दिवंगत श्री शुक्ला की अंतिम यात्रा कल 1 दिसंबर को निज निवास बल्देव बाग से लखोली के लिए निकाली जाएगी ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com